भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 1910
गुरुवार, 11 दिसंबर, 2025/20 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

एएमएसएस में तकनीकी चूक

1910. श्री पुट्टा महेश कुमारः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 6 नवंबर 2025 को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली पर स्वचालित संदेश स्विचिंग प्रणाली (एएमएसएस) में एक बड़ी तकनीकी रुकावट हुई थी जिसके परिणामस्वरूप विमान संदेशों का मैन्युअल संचालन करना पड़ा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रणाली की विफलता के मुख्य कारणों सहित इसमें पाई गई किसी भी प्रक्रिया संबंधी चूक का ब्यौरा क्या है;

(ग) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा सामान्य संचालन बहाल करने और भविष्य में ऐसी विफलताओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) क्या सरकार देश भर में प्रमुख हवाई अड्डों पर पुरानी एएमएसएस प्रणाली को अपग्रेड करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): दिनांक 06.11.2025 को भारतीय मानक समय के अनुसार 11:00 बजे दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हवाई यातायात प्रबंधन स्वचालन प्रणाली (एटीएमएएस) और अन्य हितधारकों के लिए हवाई यातायात सेवा (एटीएस) संदेशों की प्रोसेसिंग और वितरण में अधिक विलंब देखा गया, जिसके परिणामस्वरूप फ्लाइट प्लैन (एफपीएल), अनिवार्य उड़ान सूचना केंद्र (एफआईसी) संख्या जारी करने और वायु रक्षा मंजूरियों सहित वैमानिकी नियत दूरसंचार नेटवर्क (एएफटीएन) संदेशों को भेजने में विलंब हुआ। इसके संदिग्ध कारणों में कोर स्विच और डेटाबेस सर्वर संबंधी मुद्दे शामिल हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने तकनीकी सहायता दल के साथ समन्वय में इस मुद्दे का संयुक्त रूप से विश्लेषण किया और दिनांक 08.11.2025 को प्रणाली को पुनर्स्थापित किया। मौजूदा कोर स्विच और डेटाबेस सर्वर के स्थान पर उनके उन्नत वर्जन को स्थापित किया गया है। यह प्रणाली अब सामान्य रूप से कार्य कर रही है।

इसके अलावा, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को हवाईअड्डों पर सभी संचार, दिक्चालन और निगरानी (सीएनएस) उपकरणों की स्थिति, परिचालन विश्वसनीयता और

जीवनचक्र प्रबंधन का मूल्यांकन करने के लिए उनका व्यापक ऑडिट करने का निदेश दिया गया है।

(घ) : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने मौजूदा आईपी-आधारित स्वचालित संदेश स्विचिंग प्रणाली (एएमएसएस) के स्थान पर नई हवाई यातायात सेवा संदेश हैंडलिंग प्रणाली (एएमएचएस) भी स्थापित की है।

*****